# 21611 - क्या औरत की योनि में अल्ट्रासाउंड टयूब डालने के बाद ग़ुस्ल करना वाजिब है ?

## प्रश्न

मेरा कुछ महीनों से बांझपन का इलाज चल रहा है। मैं अल्ट्रासाउंड और आवधिक निगरानी के लिए नियमित रूप से डॉक्टर के पास जाती हूँ। अल्ट्रासाउंड के दौरान, क्लोज़-अप तस्वीर लेने के लिए नर्स मेरी योनि में एक टयूब डालती है, और कभी-कभी मेरी योनि में दवा भी डाली जाती है। मेरा सवाल यह है कि क्या योनि में अल्ट्रासाउंड टयूब डालने के बाद ग़ुस्ल अनिवार्य है ?

## विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

स्थायी समिति से पूछा गया : अगर कोई महिला या डॉक्टर योनि में कोई चिकित्सा उपकरण या दवा डालती है, तो क्या ग़ुस्ल करना ज़रूरी है ?

क्या इससे रोज़ा बातिल (अमान्य) हो जाता है ?

तो उसने उत्तर दिया : "यदि उपर्युक्त बात हो जाती है, तो उसके कारण जनाबत का ग़ुस्ल करना अनिवार्य नहीं है, और यह रोज़े को अमान्य नहीं करता है।"